राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–**pr.rajbhavan@gmail.com**
मो॰–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

राज्यपाल ने पूर्व लोकसभा अध्यक्ष श्री सोमनाथ चटर्जी के निधन पर शोक–संवेदना व्यक्त की

पटना, 13 अगस्त 2018

महामहिम राज्यपाल श्री सत्य पाल मलिक ने पूर्व लोकसभा अध्यक्ष एवं वरिष्ठ साम्यवादी नेता श्री सोमनाथ चटर्जी के निधन पर अपनी शोक–संवेदना व्यक्त की है।

राज्यपाल ने अपने शोकोद्‌गार में कहा है कि श्री सोमनाथ चटर्जी जी के निधन से भारतीय राजनीति को अपूरणीय क्षति हुई है। राज्यपाल श्री मलिक ने कहा है कि स्व॰ सोमनाथ चटर्जी ने संसदीय मान–मर्यादाओं के कतिपय आदर्श स्थापित किए। सिद्धांत आधारित राजनीतिक शुचिता और समाज के गरीब–कमजोर वर्गों के प्रति पूरी सदाशयता स्व॰ सोमनाथ जी की पहचान थी। उनके मित्र और प्रशंसक सभी राजनीतिक दलों में रहे हैं।

राज्यपाल ने दिवंगत नेता की आत्मा को चिरशांति तथा शोक–संतप्त पारिवारिक जनों और प्रशंसकों को धैर्य–धारण की क्षमता प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है।

....